# प्रेस नोट- जनपद मुजफ्फरनगर

# दिनांक-02.06.2025

➢ **थाना खतौली पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा NCERT की फर्जी किताबे छापने व विभिन्न राज्यों में बेचकर राजस्व की हानि पहुंचाने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 08 शातिर अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार, कब्जे/निशांदेही से 01 महेन्द्रा थार गाडी, 01 होण्डा अमेज गाड़ी, 01 कैन्टर, 1,33,092 NCERT की फर्जी किताबें, पेपर रोल, प्रिन्टिंग मशीन, प्रिन्टिंग प्लेट, कटर मशीन तथा प्रिन्टिंग का कच्चा माल आदि बरामद। (अनुमानित कीमत करीब 03 करोड रूपये) -**

दिनांक 01.06.2025 को थाना खतौली पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा NCERT की फर्जी किताबे छापने व विभिन्न राज्यों में बेचकर राजस्व की हानि पहुंचाने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 08 शातिर अभियुक्तगण 1. आदिल मेवाती पुत्र ईदू निवासी भोपाल सिंह की कोठी के पास श्यामनगर थाना लिसाडी गेट मेरठ, उम्र करीब 26 वर्ष 2. अनिल चौहान पुत्र देवेन्द्र चौहान निवासी सी 17 सुंदर नगर डिफेंस एंकलेव थाना कंकरखेडा जिला मेरठ, उम्र करीब 46 वर्ष 3. राहुल राणा पुत्र जगत सिहं निवासी 548 सैक्टर 4 माधवपुरम थाना ब्रहमपुरी मेरठ, उम्र करीब 28 वर्ष 4. राजू शर्मा पुत्र रामेन्द्र शर्मा निवासी 279/19 मोहकमपुर दिल्ली रोड थाना परतापुर मेरठ, उम्र करीब 45 वर्ष 5. ताराचन्द पुत्र चेतराम पाल निवासी 179/19 मोहकमपुर दिल्ली रोड थाना परतापुर जिला मेरठ, उम्र करीब 55 वर्ष 6. सतेन्द्र सिँघल पुत्र बैजनाथ सिँघल निवासी 65/7 नौचंदी ग्राउण्ड थाना नौचंदी मेरठ, उम्र करीब 50 वर्ष 7. जावेद पुतर इकरामुद्दीन निवासी गोला कुआ थाना कोतावाली नगर मेरठ, उम्र करीब 34 वर्ष 8. अमित सैनी पुत्र प्रेचन्द सैनी निवासी 1425 इन्द्रानगर फर्ट मौहल्ला थाना ब्रहम्पुरी मेरठ, उम्र करीब 36 वर्ष को अलकनंदा नहर से आगे पुराने चीतल के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे व निशादेही से कुल अनुमानित कीमत करीब 03 करोड रुपये के 1,33,092 NCERT की फर्जी पुस्तकें, 01 महेन्द्रा थार यूपी 15 ईएन 6350, 01 होण्डा अमेज यूपी 15 सीएक्स 2020, 23 फर्मा/डाई, 10,000 कवर, 01 सफेद रोड, 20 लीटर स्याही, 09 सीसी रिमुवर,170 पेपर रोल, 02 प्रिन्टिंग मशीन, 01 कटर मशीन, 2500 प्रिन्टिंग प्लेट, 01 श्री नाईफ कटर, 05 लाख प्रफेक्ट बाइन्डिग बरामद किये गये। जिसके सम्बन्ध में थाना खतौली पर मु0अ0सं0- 214/2025 धारा 318(4)/ 338/ 336(3)/340(2)/238 बीएनएस व 63/65 कॉपीराईट एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 02.06.2025 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री सहीराम नागर मय हमराहिगण द्वारा वाद सं0 1486/10 मु0अ0सं0 361/01 धारा 25 आर्म्स एक्ट में वारण्टी अभियुक्त बुद्धू उम्र 45 वर्ष पुत्र नसीर सक्का नि0 मुकरमपुर थाना प्राण कलीयर जनपद हरिद्वार को गिरफ्तार करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **थाना खतौली पुलिस द्वारा 01 वारन्टी अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 02.06.2025 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 मुकेश कुमार मय हमराहिगण द्वारा वाद संख्या 1232/24 मु0अ0स0 241/2021धारा 279/338/304ए भादवि में वारण्टी अभियुक्त शिवकुमार सैनी पुत्र दीवाना उर्फ बलजीत नि0 ग्राम छछरपुर थाना खतौली मु0नगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

➢ **थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा गैंगस्टर अभियोग में वांछित 05 अभियुक्तगण गिरफ्तार-**

दिनांक 02.06.2025 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री राजकुमार बालियान मय हमराहिगण द्वारा मु0अ0स0- 192/2025 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में 05 वांछित अभियुक्तगण 1-शफीक उर्फ पप्पू उर्फ राजेश शुक्ला पुत्र शकील अहमद निवासी डी-48 डीडीए प्लैट्स थाना कालका जी नई दिल्ली उम्र लगभग 49 वर्ष 2-हसीम उर्फ हसीन पुत्र कल्लू निवासी मानकपुर थाना ऊझानी जनपद बदायूं हाल पता राजीव नगर मडौली थाना हर्ष विहार दिल्ली उम्र लगभग 35 वर्ष 3-जरुल पुत्र बाबू निवासी असौली थाना बिलसी जनपद बदायूं हाल पता गरिमा गार्डन थाना टीला मोड गाजियाबाद उम्र लगभग 36 वर्ष 4-शहजाद पुत्र अहसान निवासी मानकुपर थान ऊझानी जनपद बदायूं उम्र लगभग 43 वर्ष 5-अजरुल उर्फ जावेद पुत्र इन्तजार निवासी मानकपुर थाना ऊझानी जनपद बदायूं को उनके मसकन से गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही सुनिश्चित की गयी है।

- **<u>थाना खालापार पुलिस द्वारा गैंगस्टर अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 02.06.2025 को थाना खालापार पर नियुक्त उ0नि0 श्री गणेश शर्मा मय हमराहिगण द्वारा मु0अ0स0 98/25 धारा 2/3 गैंगस्टर अधि0 में वांछित अभियुक्त विसार पुत्र शरीफ निवासी सरवट सैफी कालोनी थाना सिविल लाइन मुजफ्फरनगर को काली नदी जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त पर गौकशी, गैंगस्टर, चोरी जैसी गंभीर धाराओं में जनपद मुजफ्फरनगर के विभिन्न थानों में 13 अभियोग पंजीकृत है।

- **<u>थाना बुढाना पुलिस द्वारा गैंगस्टर अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 02.06.2025 को थाना बुढाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री संदीप कुमार मय हमराहिगण द्वारा मु0अ0स0 238/25 धारा- 2/3 गैंगस्टर अधिनियम में वांछित अभियुक्तगण 1.हर्ष पुत्र सतेन्द्र निवासी ईदगाह रोड बुढाना मु0नगर उम्र 23 वर्ष 2. वंश पुत्र सतेन्द्र निवासी उपरोक्त उम्र 21 वर्ष 3. रामअवतार उर्फ जोनी पुत्र आनन्द प्रकाश निवासी मौ0 भटवाडा कस्बा व थाना बुढाना मु0नगर उम्र 44 वर्ष को खतौली तिराहे से गिरफ्तार किया गया।

- **<u>थाना बुढाना पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 02.06.2025 को थाना बुढाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री अभिषेक कुमार मय हमराहिगण द्वारा वाद सं0 15/2022 मु0अ0सं0 371/25 धारा 420/467/468/471 भादवि में वारण्टी अभइयुक्त जाहिद पुत्र फूजा निवासी ग्राम जौला थाना बुढाना मु0नगर उम्र करीब 50 बर्ष को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **<u>थाना भोपा पुलिस द्वारा 05 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 02.06.2025 को थाना भोपा पुलिस द्वारा वाद संख्या 92/19 धारा 147,148,323,427 भादवि में वारण्टी अभियुक्तगण 1-तेजपाल पुत्र सुखवीर 2-भूटानी पुत्र रिषिपाल 3- रिषिपाल पुत्र सुखवीर निवासीगण बाकरनगर थाना भोपा,मुजफ्फरनगर व वाद संख्या 687/23 धारा 427,323,324,504,506 भादवि में वारण्टी अभियुक्तगण 1-राहुल पुत्र सुखपाल 2-रोहित पुत्र नत्थन निवासीगण भोकरहेडी थाना भोपा मजुफ्फरनगर को अभियुक्तगण के मसकन से गिरफ्तार किया गया।